हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



## खबर संक्षेप

### जपं के सामान्य प्रशासन व सामान्य सभा की बैठक आज

**अंबिकापुर।** जनपद पंचायत अंबिकापुर के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 15 अक्टूबर को कार्यालय जनपद पंचायत अंबिकापुर के सभाकक्ष में प्रातः 11.30 बजे से आयोजित की गई है। वहीं जनपद पंचायत अम्बिकापुर की सामान्य सभा की बैठक कार्यालय जनपद पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे से आयोजित की गई है। जनपद पंचायत अंबिकापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उक्त बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6 वीं और कक्षा 9वीं में बालक एवं बालिकाओं के प्रवेश हेतु राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित पेन एवं पेपर बहुविकल्पीय प्रश्न पेपर पैटर्न आधारित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन जनवरी 2026 को किया जाएगा। जिसके लिए 30 अक्टूबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए परीक्षार्थियों की चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगी। सर्वप्रथम उन्हें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफल होना होता है। जिसके पश्चात उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण होता है। स्वास्थ्य परीक्षण में फिटनेस तथा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रावीण्य सूची बनती है। केवल अंतिम प्रावीण्य सूची में चयनित होने वाले अभ्यर्थियों का ही सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश होता है। सत्र 2026-27 में सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा छठवीं में लगभग 80 सीटों (70 बालक एवं 10 बालिका) एवं कक्षा नौवीं में लगभग 20 (18 बालक एवं 02 बालिका) सीटों पर प्रवेश होने की सम्भावना है जो आवश्यकतानुसार घट या बढ़ सकती है।

### साथियों के साथ स्कूल के पीछे जाकर बना रहा था वीडियो

# लालमाटी जंगल में हाथियों ने वीडियो बना रहे युवक की कुचलकर ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले दो दिनों से शहर से सटे महामाया पहाड़ पर डेरा जमाए हाथियों ने लालमाटी में वीडियो बनाने के दौरान एक युवक की कुचलकर जान ले ली।

**खास बात**
- दो दिन से शहर के निकट जमा है 30 हाथियों का दल

हाथियों का दल लालमाटी जंगल से चेंद्रा जंगल की ओर बढ़ रहा है। इस दौरान हाथियों को देखने पूरे दिन युवकों की भारी भीड़ उमड़ने के कारण वन एवं पुलिस अमला को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। लम्बे समय से प्रतापपुर एवं सूरजपुर जंगल में भ्रमण कर रहा 25 से 30 हाथियों का दल सोमवार को शहर के निकट महामाया पहाड़ से ग्राम पंचायत खैरबार के अमेरा डुग्गु बस्ती में पहुंच गया। हाथियों के शहर के निकट पहुंचने की जानकारी वन अधिकारियों को भी थी लेकिन किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। देर शाम हाथियों के पहुंचने से ग्रामीण अपना घर बार छोड़कर भागने लगे तो वन अमले ने सायरन बजाकर हाथियों को बस्ती से दूर खदेड़ने की कोशिश की। बड़ा दल होने के कारण वन अमले को देर रात तक हाथियों को खदेड़ने की मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान पुलिस अमला भी वनकर्मियों के साथ मौजूद रहा। ग्रामीणों के शाम ढलते ही घर से बाहर जाने के कारण कोई दुर्घटना नहीं हुई। इस दौरान हाथियों ने रात्रि 9 बजे श्रीराम तिग्गा आ.नान साय एवं एक अन्य ग्रामीण के घर में तोड़फोड़ मचाने के बाद हाथी लालमाटी स्थित ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल से सटे चंपा नाला के



जंगल में विचरण करते हाथी।

#### वीडियो बनाने के दौरान युवक को कुचला

भीड़ को नियंत्रित करने के बाद एएसपी श्री ढिल्लो पुलिस अमले को आवश्यक निर्देश देकर वापस लौट गए। इस दौरान शहर में रोजगार के लिए पहुंचे भोपाल निवासी चार दोस्त ब्रिलियंट स्कूल के पीछे जाकर हाथियों का वीडियों बनाने लगे। युवकों को नजदीक देखकर नर दंतैल उनकी ओर दौड़ पड़े। इस दौरान तीन युवक तो भाग निकले लेकिन राज कुमार नाइक आ.चंदु नाइक चपेट में आ गया। हाथियों ने राजकुमार को कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा बार-बार तेज धमाके वाले पटाखा फोड़ने से हाथी आक्रोशित हो गए है।

#### एनएच पर पहुंचा दंतैल

वन एवं पुलिस अमला हाथियों को सुरक्षित चेंद्रा जंगल की ओर पहुंचाने की मशक्कत कर रहा है। हाथी चेंद्रा जंगल की ओर अग्रसर भी है। चेन्द्रा जंगल के पहले कई गांव हैं। शाम ढलने के पूर्व हाथी चेन्द्रा जंगल में नहीं पहुंचे तो आसपास के गांवों में भारी तबाही मचा सकते हैं। इस सफर में दल की हथिनी व आधा दर्जन से अधिक शावक आगे- आगे चल रहे हैं जबकि दंतैल दल के पीछे चल रहे है। इस दौरान शाम 5 बजे पीछे चल रहा एक दंतैल एनएच 43 पर पहुंच गया। दंतैल के मुख्य मार्ग पर पहुंचने पर आनन-फानन में दोनों ओर से आवागमन रोका गया तब दंतैल सड़क पार कर दूसरी ओर गया। आधे घंटे बाद एनएच से आवागमन सुचारू किया गया।

#### की जा रही मॉनिटरिंग

मैं सुबह से ही स्थल पर मौजूद हूं। अत्यधिक भीड़ उमड़ने एवं ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने के कारण हाथी आक्रोशित हो गए। मना करने के बावजूद लोग हाथियों के निकट पहुंच रहे हैं। हाथी चेंद्रा जंगल की ओर अग्रसर है।

-जेनीग्रेस कुजूर
उपवन मण्डलाधिकारी

### एनडीपीएस के मामले में फरार दंपति को पुलिस ने चांदो से किया गिरफ्तार

अम्बिकापुर। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जेल प्रहरी को चकमा देकर फरार हुई महिला निरुद्ध बंदी को पुलिस ने पांच माह बाद न सिर्फ गिरफ्तार किया बल्कि एनडीपीएस के मामले में फरार उसके पति को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। महिला बंदनी अस्पताल से फरार होने के बाद पति के साथ चांदो में किराए के मकान में छिप कर रह रही थी। पुलिस ने दंपती को न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक खैरबार हाई स्कूल समीप निवासी आरती सोनी पति मनोज सोनी को पुलिस ने 12 अप्रैल



को एनडीपीएस के मामले में गिरफ्तार किया था जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। इसी बीच 30 मई को निरुद्ध विचाराधीन बंदी आरती सोने को जेल चिकित्सक के परामर्श पर उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया। देर रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच महिला बंदनी आरती सोनी जेल प्रहरी को चकमा देकर अस्पताल से फरार हो गई। जेल प्रहरी ने घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी महिला के विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

# अम्बिकापुर से रायपुर जा रहे सराफा व्यापारी का एक करोड़ का सोना व नकद चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अम्बिकापुर से रायपुर जाते समय सराफा व्यापारी बस में नींद आ गई। इस बीच रतनपुर बस स्टाप के पास 4 से 5 लोग उनका 900 ग्राम सोना व 7 लाख रुपए नकद सहित 1 करोड़ का माल चोरी कर भाग गए। घटना के बाद से पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है। पुलिस व्यापारी से पूछताछ कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी हुई है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, रायपुर निवासी सराफा व्यापारी किशोर कुमार रावल रविवार को अम्बिकापुर सराफा दुकानों में सोने के जेवर बेचने गए थे। दिन भर मार्केटिंग करने के बाद रात वे रायल बस से रायपुर लौट रहे थे। लौटते समय रास्ते में उन्हें नींद आ गई। इसी दौरान अज्ञात चोर उनका बेग चोरी कर भाग गए। सोमवार की सुबह बिलासपुर नेहरू चौक में बस पहुंची तो उनकी नींद खुली। देखा तो उनका बेग गायब था। व्यापारी श्री रावल के अनुसार, बेग में 900 ग्राम सोने के जेवर व 7 लाख रुपए बिक्री की रकम रखा हुआ था। उन्होंने बस में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो सुबह रतनपुर बस स्टैण्ड में 4 से 5 लोग उनका बेग चोरी करते नजर आ रहे थे। करोड़ की चोरी होने से व्यापारी रायपुर निकल गए और व्यापारी संगठन से चर्चा करने के बाद मंगलवार को व्यापारी श्री रावल रतनपुर थाने गए और चोरी की जानकारी दी। आनन फानन में एडीशनल एसपी अर्चना झा, एसडीओपी नूपुर उपाध्याय, एसीसीयू टीआई अजरूद्दीन टीम के साथ रतनपुर थाने पहुंच गए।




#### व्यापारी से चलती रही पूछताछ

अधिकारियों के द्वारा थाने के रूम में गोपनीय तरीके से सराफा व्यापारी को बैठाकर चोरी के संबंध में घण्टो पूछताछ की जाती रही। इस दौरान व्यापारी से किसी को मिलने नहीं दिया जा रहा था। पुलिस को यह भी संदेह है रायपुर की तर्ज पर व्यापारी चोरी की झूठी कहानी तो नहीं गढ़ रहा है। बहरहाल देर रात तक पूछताछ जारी रही।

#### 25 साल में दूसरी सबसे बड़ी चोरी, पुलिस को चुनौती

रतनपुर में सराफा व्यापारी से 1 करोड़ की चोरी 25 साल में दूसरी बड़ी चोरी है। इसके पहले दो साल पूर्व सकरी के पुजारी ने जमीन बेचकर सवा करोड़ रुपए पेटी में रखकर सिरगिट्टी क्षेत्र में अपने मितान के घर में रखवा दिया था। जब पुजारी मितान के घर पेटी लेने आए और खोलकर देखे तो सवा करोड़ रुपए चोरी हो चुके थे।

#### एफआईआर दर्ज

रायपुर का सराफा व्यापारी अम्बिकापुर से बस से लौट रहे थे। रास्ते में उनका ज्वेलरी व पैसा सहित बेग चोरी कर लिया गया है। बस में लगे सीसीटीवी फुटेज में रतनपुर बस स्टाप के पास 4 से 5 लोग उनका बेग रखकर उतरते नजर आ रहे हैं। व्यापारी की रिपोर्ट पर ज्वेलरी व नकद सहित 90 लाख रुपए की एफआईआर दर्ज की गई है। फुटेज के आधार पर संदेहियों की पतासाजी की जा रही है।

- **अर्चना झा**, एडीशनल एसपी ग्रामीण

# छात्र ने खुद ही रची थी अपने अपहरण और बाइक लूट की कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

छात्र का अपहरण कर बाइक लूट करने के मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है। छात्र ने खुद ही अपने अपहरण की झूठी कहानी रची थी और परिजन से लेकर पुलिस को गुमराह करता रहा। छात्र ईनामी लॉटरी के चक्कर में पड़कर कोचिंग के बदले धर्मजयगढ़ चला गया था और घर में डांट खाने के डर से पूरा षड्यंत्र रचा। पुलिस ने छात्र के बाइक और स्कूल बैग को बरामद कर लिया है।

बता दें कि 6 अक्टूबर को नगर के एक नाबालिग छात्र के अपहरण और बाइक लूट का मामला सामने आया था। छात्र और उसके परिजन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जब वह कोचिंग के लिए अपनी बाइक से जा रहा था तो रास्ते में बंद पिकअप वाहन से निकलकर 6 लोगों उसका अपहरण कर लिया और उसकी बाइक लूट ली। इसके बाद से चिखलीपानी के पास छोड़कर बाइक लेकर भाग निकले। छात्र ने किसी ट्रैक्टर चालक से फोन मांगकर परिजन को फोन किया था। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल ने इस घटना की गंभीरता से जांच के लिए साइबर सेल और पुलिस की तीन टीमों का गठन किया था। जांच के दौरान पुलिस के सीसीटीवी फुटेज, पूछताछ और इलेक्ट्रिक साक्ष्यों के आधार पर अपनी जांच शुरू की जिसमें यह बात सामने आई कि उक्त पिकअप वाहन महाराष्ट्र पुणे का है। पुलिस ने पिकअप वाहन स्वामी और चालक से संपर्क कर पूछताछ की तो पता चला कि वे रास्ते में कहीं रुके ही नहीं थे। इधर छात्र भी बार बार अपने बयान बदल रहा था। ऐसे में पुलिस ने जब छात्र से गहनता से पूछताछ की तो उसने बताया कि एक माह पूर्व किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके मोबाइल नम्बर पर फोन कर 64 लाख रुपए ईनामी लॉटरी जीतने की बात कही थी और घटना के 4 दिन पहले फिर से फोन कर इनामी राशि लेने धर्मजयगढ़ बुलाया था। ईनामी लॉटरी पाने की लालच में छात्र ट्यूशन के नाम पर घर से निकला और सीधे धर्मजयगढ़ चला गया लेकिन वहां उस अज्ञात व्यक्ति का नम्बर बंद था जिसके बाद वह वापस लौट रहा था ।



14 korba-pg3_Layout 1 10/14/2025 11:59 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


6 ठंडक ने दी हल्की दस्तक, अभी भी बारिश की संभावना



## खबर संक्षेप

### कोच्चीवली एक्सप्रेस 16 को रहेगी रद्द

**कोरबा।** अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में पापटपल्ली एवं डोर्नकल बाईपास स्टेशनों में तीसरी लाइन निर्माण हेतु प्री-एनआई व एनआई का कार्य किया जा रहा है । इसके फलस्वरूप दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा तिरुवनंतपुरम उत्तर-कोरबा-तिरुवनंतपुरम उत्तर एक्सप्रेस को रद्द किया गया है। 16 अक्टूबर को तिरुवनंतपुरम उत्तर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22648 तिरुवनंतपुरम उत्तर-कोरबा सुपरफास्ट एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 15 एवं 18 अक्टूबर को कोरबा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22647 कोरबा-तिरुवनंतपुरम उत्तर सुपरफास्ट एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### गोवर्धन पूजा के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**कोरबा।** गोवर्धन पूजा के दिन 21 अक्टूबर को सामान्य प्रशासन विभाग में पूरे प्रदेश में सामान्य अवकाश घोषित किया है। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 की धारा 25 के स्पष्टीकरण द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए 21 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा पर्व के अवसर पर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 1881 के तहत सार्वजनिक अवकाश का दिन घोषित किया गया है।

### चतुर्थ श्रेणी सेवा संवर्ग की पदक्रम सूची जारी

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा द्वारा जिले के अतर्गत स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी सेवा संवर्ग की 1 अप्रैल की स्थिती में अन्तिम पदक्रम सूची जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी ने कहा है कि समस्त चतुर्थ सेवा संवर्ग में कार्यरत कर्मचारी अपने डीडीओ कार्यालय या कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा के स्थापना चतुर्थ श्रेणी शाखा में उपस्थित होकर उक्त सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

### रजगामार खदान का विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**रजगामार।** रजगामार उपक्षेत्र के विभिन्न विद्यालय जिनमें सरस्वती शिशु मंदिर, ज्ञानदीप हायर सेकेंडरी विद्यालय, अग्रसेन विद्यालय, बीकन इंग्लिश स्कूल एवं शासकीय हायर सेकेन्डरी विद्यालय के लगभग 280-300 छात्र-छात्राओं ने शिक्षक शिक्षिकाओं सहित रजगामार के 6/7 खदान का भ्रमण किया एवं गैन्वेल कम्पनी के कुशल अभियंताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मशीनों की कार्य क्षमता, उत्पादन की विधि एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए मशीनों की कार्यप्रणाली का सफल प्रदर्शन किया। एसईसीएल रजगामार उपक्षेत्र की 6/7 खदान में शीघ्र ही विश्व स्तरीय तकनीक से कोयला ऊत्पादन प्रारम्भ होने जा रहा है, जिसके अंतर्गत कांटीन्यूस माइनर एवं शटल कार के माध्यम से कोयला उत्खनन होगा जो कि गैन्वेल कम्पनी द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर 6/7 खदान के खान प्रबंधक सुनील कुमार शर्मा, खान अभियंता विद्युत एवं यांत्रिकीय इमरान आलम, दुष्यंत कुमार आरसे वरि. प्रबंधक खनन, विनोद कुमार, खान सुरक्षा अधिकारी, प्रबंधक (मानव संसाधन) दिनेश सिंह उपस्थित थे।

### आंबा कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

कोरबा। एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा शहरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 03-03 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 22 अक्टूबर निर्धारित है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं एवं सहायिका पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं निर्धारित है। आवेदिकाओं को संबंधित वार्ड की निवासी होना अनिवार्य है जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है। आवेदन पत्र पर पद एवं केन्द्र का नाम का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक होगा।

# हाई और हायर सेकेंड्री के विद्यार्थियों को दी जाएंगी सिलेबस सहित ज्ञानवर्धक किताबें

## कलेक्टर ने डीईओ को स्कूल, छात्रों और किताबों की सूची बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कलेक्टर अजीत वसंत ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित हाई और हायर सेकंडरी विद्यालयों में सिलेबस की किताबें सहित प्रतियोगिता परीक्षा और अन्य ज्ञानवर्धक किताबों के सेट वितरण के लिए सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल में पढ़ाई करने वाले बालक और बालिकाओं की सूची तैयार करते हुए उनकी आवश्यकताओं को ध्यान रखकर किताबो के सेट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस मनाने जिले में आवश्यक तैयारी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम सूर्यघर के इंस्टॉलेशन में प्रगति लेन के निर्देश विद्युत विभाग को दिए।



### पीएम जनमन आवास दो माह में करें पूर्ण

कलेक्टर अजीत वसंत ने जनपद अंतर्गत लंबित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन आवास अंतर्गत निर्माणधीन कार्यों को दो माह के भीतर पूर्ण कर नए साल में पीवीटीजी परिवारों को घर की चाबी सौपने और नए आवास में गृह प्रवेश कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत विंडो लेबल तक पूर्ण हो चुके आवास को भी दो माह में पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आवास निर्माण सहित अन्य निर्माण संबंधी कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने शासन के निर्देशों के तहत 15 नवम्बर से प्रारंभ होने वाली धान ख़रीदी की प्रक्रिया के सम्बंध में आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर, एसडीएम को मॉनिटरिंग के निर्देश देते हुए जिले में धान खरीदी बिना किसी गड़बड़ी के पारदर्शिता के साथ करने और शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य अधिकारी को राइस मिलर, समितियों की बैठक लेने और सम्पूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों को धान बेचने के लिए पंजीयन कराने हेतु गाँव में मुनादी कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने जिले में निवासरत पीवीटीजी परिवारों के घरों में पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत सोलर सिस्टम लगाने निर्देश दिए।

## खाद्य विभाग लगातार बढ़ा रहा है केवाईसी की तारीख, खाद्यान्न बंद होने के जानकारी आ रही है सामने

# राशनकार्ड के 99 हजार सदस्यों ने अब तक नहीं कराया ईकेवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में राशनकार्ड में दर्ज 11 लाख 72 हजार सदस्यों में से 99 हजार सदस्यों ने अब तक अपना ईकेवाईसी नहीं कराया गया है। जबकि खाद्य विभाग लगातार ईकेवाईसी कराए जाने की तारीख बढ़ाते आया है। ई केवाईसी नहीं कराने वाले सदस्यों के नाम से जारी होने वाले खाद्यान्न आबंटन के बंद होने के भी संभावना जतायी जा रही है।

जिले में एपीएल और बीपीएल मिलाकर कुल 3 लाख 55 हजार राशनकार्डधारी हैं। इनमें 37 हजार एपीएल हैं, शेष राशनकार्ड बीपीएल श्रेणी के हैं। इन राशनकार्डों में दर्ज परिवारों की संख्या 11 लाख 72 हजार है, जिन्हें प्रतिमाह खाद्यान्न का आबंटन किया जा रहा है। खाद्यान्न व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने और वितरण व्यवस्था में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए इकेवाईसी कराए जाने के निर्देश राज्य शासन की ओर से पिछले वर्ष ही जारी किये गये थे। उस निर्देश के तहत लगातार ईकेवाईसी कराने वालों की भीड़ पीडीएस दुकानों में और च्वाईस सेंटरों में लगने लगी थी। शासन के निर्देश के तहत राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का ईकेवाईसी कराया जाना अनिवार्य किया गया है। खाद्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार सभी 460 दुकानों में शहरी और ग्रामीण अंचलों में लगातार ईकेवाईसी कराये गए हैं किंतु 99 हजार सदस्य ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक ईकेवाईसी नहीं कराया गया है। संभावना जताई जा रही है कि ईकेवाईसी नहीं कराने वाले सदस्यों के नाम से जारी होने वाला खाद्यान्न का आबंटन बंद भी हो सकता है।



फाइल फोटो

### निरस्त हो रहे हैं राशनकार्ड

राशनकार्ड के सत्यापन अभियान के दोरान साढ़े सात हजार राशनकार्ड निरस्त किए गए हैं। ये ऐसे राशनकार्ड हैं जिनसे कभी खाद्यान्न का उठाव नहीं किया गया है और केवाईसी नहीं करायी गई है तथा ऐसे राशनकार्ड के सदस्यों का पता भी गलत निकला साथ ही कुछ ऐसे राशनकार्डधारी हैं जो अपने दिये हुए पते पर न रहकर जिले से बाहर चले गए हैं। ऐसे राशनकार्ड भी सत्यापन के दौरान निरस्त किये गये हैं हालांकि सत्यापन अभियान अभी भी जारी हैं और निरस्त होने वाले राशनकार्ड की संख्या बढ़ भी सकती है।

### पांच साल से कम उम्र के बच्चों को किया गया बाहर

राशनकार्ड में दर्ज परिवार के सदस्यों में पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इस केवाईसी से बाहर किया गया है। इन बच्चों का आधारकार्ड नहीं बनने के कारण उन्हें इस प्रावधान से अलग करने का निर्णय लिया गया है लेकिन नए सदस्यों के नाम अभी भी राशनकार्ड में जोड़े जा रहे हैं। जिससे यह संख्या प्रतिमाह बढ़ते भी जा रही है। आधार कार्ड के सत्यापन के साथ ईकेवाईसी के लिए भी इसके अनिवार्यता की गई है। यही कारण है कि कई सदस्यों ने ईकेवाईसी नहीं कराया गया।

### सदस्यों ने नहीं कराया केवाईसी

राशनकार्ड में दर्ज परिवारों के सदस्यों की संख्या 11 लाख 72 हजार है जिनमें से 99 हजार सदस्यों ने ईकेवाईसी नहीं कराया है।

**-घनश्याम कंवर,** जिला खाद्य अधिकारी

# एसईसीएल अफसर के साथ मारपीट, दूसरे दिन ग्रामीणों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भिलाईबाजार में मंगलवार को हो रही त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान ग्रामीण व एसईसीएल के अफसरों के बीच मारपीट हो गई थी। इस मामले में एसईसीएल गेवरा के सहायक सुरक्षा अधिकारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने एसईसीएल अफसर के साथ मारपीट करने वाले ग्रामीणों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

**खास बातें**

- भिलाईबाजार में त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान हुई थी मारपीट
- ग्रामीणों के साथ मुआवजा तथा बसाहट एवं अन्य मुद्दे को लेकर आयोजित की थी बैठक

एसईसीएल गेवरा में सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ अकबर ने हरदीबाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मंगलवार की दोपहर एसडीएम कटघोरा के समक्ष एसईसीएल प्रबंधन एवं भिलाईबाजार के ग्रामीणों के साथ मुआवजा तथा बसाहट एवं अन्य मुद्दे को लेकर बैठक रखी गई थी। बैठक के दौरान मुआवजे को लेकर कुछ ग्रामीणों के द्वारा गेवरा प्रबंधन से बहस किया जाने लगा। इसी दौरान सभा में उपस्थित भिलाई बाजार के कुछ गामीणों द्वारा प्रबंधन के अधिकारियों से गाली गलौज किया जाने लगा और कुछ देर बाद मारपीट शुरु कर दी गई। प्रबंधन द्वारा उनको समझाने की कोशिश की गई कि वे इस तरह का व्यवहार ना करे व सरकारी कार्य में बाधा ना पहुंचाये। परन्तु कुछ ग्रामीण इस पर और उग्र हो गये तथा उप प्रबंधक गेवरा क्षेत्र शिखर चौहान को घेरकर इतना मारपीट किये कि उनके नाक से खून बहने लगा छाती चेहरे व दाया हाथ की अगूली, कंधा आदि में गंभीर चोट लगी। इन ग्रामीणों में मारपीट करने वाला मुख्य व्यक्ति आशीष पाटले पिता-रतलाल पाटले भिलाई बाजार निवासी व अन्य हैं। आशीष पाटले सहित अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस ने धारा 115 (2), 121, 132, 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। ज्ञात रहे कि उधर दूसरी ओर एक दिन पहले ही आशीष पाटले की रिपोर्ट पर पुलिस ने शिखर चौहान के खिलाफ भी मामला दर्ज किया था।

# पटाखा दुकानों में आग से बचाव हेतु एडवाईजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपावली पर्व पर संचालित होने वाले स्थाई व अस्थाई पटाखा दुकानो में आग से बचाव के लिए नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एस.डी.आर.एफ. रायपुर से एडवाईजरी जारी किया गया है। जारी एडवाईजरी में साफ कहा गया है कि पटाखा दुकानो का निर्माण बांस बल्ली और कपडे के बजाय टीन (शेड) के रूप में किया जाएं, इसके अलावा दुकानों पर 5 किग्रा क्षमता का डी.सी.पी अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे, जांच के दौरान जारी एडवाईजरी का पालन नही करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

पटाखा दुकानो में किसी भी ज्वलशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादी का ना हो कर अज्वलनशील सामग्री से बने टीन शेड द्वारा निर्मीत होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दुसरे से कम से कम तीन मीटर की दुरी पर एवं एक दुसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानो में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का उपयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होनी चाहिए। विद्युत तारां में ज्वाईंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्वीच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए जिससे सार्ट शर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। दुकाने ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके उपर से हाई टेशंन पावर लाईन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 6 फीट की मारक क्षमता वाली 5 किग्रा का डी.सी.पी अग्नि शामक यंत्र होना चाहिए। दुकानो के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियो के साथ होनी चाहिए।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, वार्डवासियों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डिंगापुर में तालाब के लिए प्रस्तावित सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। वार्ड संख्या 36 के रहवासियों का आरोप है कि रात के अंधेरे में अज्ञात लोग राखड़ और मिट्टी डालकर जमीन का स्वरूप बदल रहे हैं। बस्तीवासियों ने इस पर कड़ा विरोध जताया है और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

**खास बात**

- तालाब के लिए प्रस्तावित भूमि पर डाली राखड़ मिट्टी

मामला रिसदी वार्ड के अंतर्गत डिंगापुर में कम्युनिटी हॉल के पास की एक एकड़ सरकारी जमीन से जुड़ा है। स्थानीय लोगों ने लंबे समय से इस भूमि पर तालाब निर्माण का प्रस्ताव रखा है, ताकि उनकी पानी की जरूरतों को पूरा किया जा सके। वार्ड की निवासी फूलमती ने बताया कि पिछले कई सालों से बस्तीवासी यहां तालाब बनवाने का प्रस्ताव दे रहे थे और इस जमीन को तालाब के लिए संरक्षित किया गया था। उन्होंने कहा कि हाल ही में रात के समय जमीन दलालों द्वारा राख और मिट्टी डंप कर अवैध कब्जा करने की कोशिश की गई, जिसका विरोध कर वाहन चालकों को मौके से भगाया गया। एक अन्य निवासी सावित्रीबाई ने बताया कि एक दिन पहले तक यहां गड्ढे थे लेकिन रातों-रात राखड़ और मिट्टी डालकर भर दिया गया। उन्होंने इसे कब्जा करने की नीयत से किया गया कार्य बताया, जिसका बस्तीवासी लगातार विरोध कर रहे हैं। क्षेत्र के पार्षद अजय गोड ने पुष्टि की कि तालाब निर्माण के लिए मंत्री और प्रशासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है और इसके लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि लगभग एक एकड़ जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। पार्षद ने कहा कि इस मामले की शिकायत कलेक्टर और नगर निगम में भी की जाएगी। गौरतलब है कि कोरबा नगर में इससे पहले भी कई सरकारी तालाबों को पाटकर समाप्त कर दिया गया है।



विरोध दर्ज कराते वार्डवासी।



राखड़ व मिट्टी से जमीन को किया गया समतल।

## ईंधन के साथ हर दिन आती रही बसें, आईओसी की पर्ची पर खड़े हुए सवाल

# औद्योगिक उपक्रमों और निजी स्कूलों की बसों का हुआ उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में चल रही शालेय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को मैदान से उनके आवासीय स्थल तक लाने के लिए औद्योगिक उपक्रमों के साथ निजी स्कूलों की बसों का उपयोग किया गया। सभी बसें ईंधन भरकर आयोजन के लिए भेजी जाती रही है इधर आईओसी ने भी पेट्रोल डीजल के लिए पर्ची जारी की थी। उक्त पर्ची का उपयोग पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जिले में शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान जब भी राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है तो बड़ी संख्या में पहुंचे खिलाड़ी और उनके कोच मैनेजर के आवागमन हेतु बसों की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। उक्त बसें एसईसीएल, सीएसईबी के अलावा निजी स्कूल न्यू ऐरा, जैन पब्लिक स्कूल जैसे स्कूलों की बसें ली जाती है। इन बसों में औद्योगिक उपक्रमों द्वारा भेजे जाने वाले वाहन में पेट्रोल डीजल की सुविधा औद्योगिक उपक्रम वहन करते हैं तो वहीं निजी स्कूल के द्वारा भेजे जाने वाले वाहन में भी निजी स्कूल प्रबंधन ही पेट्रोल डीजल का व्यवस्था करता है। जबकि आईओसी के द्वारा भी पेट्रोल डीजल की सुविधा इन वाहनों के लिए की जाती है किंतु इस वर्ष आईओसी ने पेट्रोल डीजल के लिए पर्ची जारी की है। जबकि आयोजन के लिए भेजे गए वाहनों में पेट्रोल डीजल की व्यवस्था उनकी स्वामित्व कंपनियों के द्वारा ही की गई है। ऐसे में आईओसी के पर्ची का उपयोग कब और कैसे हो रहा है इस पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है।



### औद्योगिक उपक्रमों से मिली सुविधा

प्रतियोगिता के आयोजन के लिए औद्योगिक उपक्रमों से वाहनों की सुविधा मिली है। जिनमें पेट्रोल डीजल उनके द्वारा ही दिया जा रहा है। निजी स्कूलों से ही बसें ली गई है। आईओसी के द्वारा पेट्रोल डीजल की पर्ची दी गई है। इसका उपयोग कैसे हो रहा है। इसकी जानकारी खेल अधिकारी से ली जाएगी।

**-टीपी उपाध्याय** डीईओ

### कुल 13 वाहनों की हुई व्यवस्था

आयोजन के लिए कुल 13 वाहनों की व्यवस्था की गई है जिसमें 8 वाहन औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा भेजे गए हैं वहीं पांच वाहन निजी स्कूल प्रबंधन के द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। जो 12 अक्टूबर से प्रतियोगिता स्थल एवं खिलाड़ियों के आवासीय स्थल तक आवागमन के उपयोग के लिए किये जा रहे हैं। वाहन व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी बनाए गए हैं।

### सूने मकान में चोरी मामला दर्ज

**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 मादन निवासी राहुल सिंह उम्र 38 वर्ष पिता स्व. जगमोहन सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह स्वामी आत्मानंद स्कूल पोडी उपरोडा में शिक्षक के पद पर पदस्थ है। 10 अक्टूबर को ईलाज कराने के लिए राहुल सिंह रायपुर गया था। 13 अक्टूबर को सुबह ईलाज कराने पश्चात अपने घर आया तो देखा कि अज्ञात चोरों के द्वारा घर का ताला तोड़कर अलमारियों में रखे 5 हजार रुपए नगद, सोने चांदी का जेवरात की चोरी कर ली है। राहुल सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी पतासाजी शुरु कर दी है।

## खबर संक्षेप



### अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा

**चैतमा।** गांव-गांव में बिक रही अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कांजीपानी की महिलाओं ने नशा मुक्ति रैली निकालकर अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिलाओं ने बताया गांव-गांव में अवैध शराब बिक्री से जहां माहौल खराब हो रहा है। वहीं इससे छोटे-छोटे पढ़ने वाले बच्चे पर भी प्रभाव पढ़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा शासन प्रशासन का ध्यान कई बार आकृष्ट कराया गया किंतु कोई फायदा नहीं हुआ। शराब पकड़ने के लिए गठित आबकारी दल द्वारा क्षेत्र में अवश्य शराब बिक्री करने वालों को पकड़ा तो जाता है किंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण शराब विक्रेताओं का हौसला बुलंद हैं।

### हरदीबाजार में संघ का पथ संचलन एवं विजयादशमी उत्सव



**हरदीबाजार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत 2 से 15 अक्टूबर तक जिलेभर में विशेष उत्सव एवं जनजागरण अभियान का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में हरदीबाजार मंडल में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पथ संचलन की शुरुआत पुराना आर्यन पब्लिक स्कूल परिसर से किया गया। यह कॉलेज चौक, बस स्टैंड होते हुए नवीन आर्यन पब्लिक स्कूल बस्ती प्रांगण में संपन्न हुआ। वहां मुख्य वक्ता कैलाश नाहक के द्वारा स्वयंसेवकों को संबोधित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय जायसवाल रहे। साथ ही खंड कार्यवाह बुद्धि सागर शाही भी उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की रूपरेखा एवं अतिथियों का परिचय सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक अजय कुमार दुबे ने कराया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता कैलाश नाहक ने बताया कि संघ का शताब्दी वर्ष पांच प्राथमिक कार्य क्षेत्रों पर केंद्रित है। प्रत्येक गांव के 10–15 परिवारों तक स्वयंसेवकों की सीधी पहुंच बनाई जाएगी। गणवेश अभियान के माध्यम से सक्रिय नागरिकों को जोड़ा जा रहा है।

## महापौर ने आयुक्त की उपस्थिति में ली निगम अधिकारियों की बैठक

# छठ घाटों में चेजिंग रूम, लाइट, पानी व साफ सफाई की कराएं बेहतर व्यवस्था : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में स्थित समस्त छठघाटों में चेजिंग रूम, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं, घाटों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, इस दिशा में अभी से कार्यवाही करें तथा यह देखें कि श्रद्धालुओं व व्रतधारियों को छठघाटों में अनावश्यक रूप से असुविधा का सामना न करना पड़े तथा उन्हें सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुलभ हो सके।

**खास बात**

- छठ पर्व व दीपावली त्यौहार से जुड़ी सबी व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश



बैठक लेते महापौर।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में निगम के अधिकारियों व जोन कमिश्नरों की बैठक ली। बैठक के दौरान महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि दीपावली व छठपर्व के महत्वपूर्ण त्यौहार के दौरान निगम से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर स्वरूप में सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में लगभग 36 छठघाट हैं, जहाँ छठपर्व के दौरान व्रतधारी व श्रद्धालुजन भगवान सूर्य को विधिविधान से अर्घ्य प्रदान कर पूजा अर्चना करते हैं। महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन छठघाट स्थलों पर आवश्यकतानुसार मरम्मत व सुधार कार्य कराएं, जेसीबी व अन्य संसाधनों का उपयोग कर छठघाट स्थलों की विशेष साफ-सफाई का कार्य सुनिश्चित करें, सभी छठघाटों में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो, छठघाट तक आने-जाने के मार्ग में भी पर्याप्त रोशनी हों, इसके लिए वहाँ पर पूर्व में स्थापित स्ट्रीट लाईटों को चेक कराएं तथा यह सुनिश्चित करें कि छठघाटों सहित आने-जाने के मार्ग में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो ताकि रात्रि के दौरान व्रतधारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हों। इस दौरान ने अधिकारियों से कहा कि दीपावली त्यौहार के दौरान बाजारों में ज्यादा भीड़-भाड़ रहती है, विभिन्न बाजारों के समीप वाहन पार्किंग हेतु स्थल चिन्हांकन करते हुए वहाँ आवश्यक व्यवस्थाएं बनाएं ताकि सड़कों पर आवागमन सुचारू रूप से हो सके।

**निर्धारित स्थलों पर ही लगाई जाएं त्यौहारी दुकानें**

महापौर श्रीमती राजपूत व आयुक्त श्री पाण्डेय ने जोन कमिश्नरों व उप जोन प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दीपावली पर्व के दौरान फल, फूल, केले के पत्ते, सजावटी सामग्री तथा इनसे जुड़ी अन्य विविध सामग्रियों की चौक-चौराहों पर अनियंत्रित रूप से लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित कराएं, इस हेतु स्थलों का चिन्हाकंन करें तथा इन चिन्हाकित स्थलां पर ही दुकानें लगाई जाए, यह सुनिश्चित कराएं ताकि सड़कों का आवागमन बाधित न हों तथा आमनागरिकों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े।

# एकल शिक्षक से दो शिक्षिकाओं वाला बना आदर्श विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली विकासखंड के छोटे से ग्राम बनबाँधा में स्थित प्राथमिक शाला बनबाँधा आज शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश कर रही है। कभी यह विद्यालय एकल शिक्षकीय स्कूल था, जहाँ 63 बच्चों की शिक्षा की ज़िम्मेदारी केवल एक ही शिक्षिका पर थी। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। छत्तीसगढ़ शासन की युक्तियुक्तकरण योजना के अंतर्गत यहाँ दूसरी शिक्षिका के रूप में श्रीमती उमा पाल की नियुक्ति हुई है। उन्होंने 5 जून को विद्यालय में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे अन्य विद्यालय में पदस्थ थीं, और अब इस स्कूल में जुड़कर बच्चों की शिक्षा



में नई ऊर्जा लेकर आई हैं।

विद्यालय की प्रधानपाठिका श्रीमती अंजली सोनकर बताती हैं कि पहले अकेले सभी कक्षाओं की पढ़ाई कराना काफी चुनौतीपूर्ण था। कई बार कुछ कक्षाएं पूरी तरह संचालित नहीं हो पाती थीं। परंतु अब दो शिक्षिकाओं की उपस्थिति से स्कूल में हर कक्षा की नियमित पढ़ाई हो रही है। बच्चों के चेहरों पर भी इस बदलाव की खुशी साफ झलकती है। कक्षा दो के श्लोक, कक्षा तीन की अंकिता और आँचल कहती हैं कि नई मैडम के आने से अब हमें बहुत अच्छा लगता है। पहले कम पढ़ाई होती थी, अब रोज़ नई बातें सीखने मिलती हैं। कक्षा चौथी के नमन खैरवार, सतवीर, और कक्षा पाँचवीं की नाजनी व शालिनी भी मुस्कुराते हुए बताते हैं, अब दो मैडम हैं, हर दिन क्लास लगती है, हम सब खूब पढ़ते हैं और मिड-डे मील में स्वादिष्ट खाना भी मिलता है। नवनियुक्त शिक्षिका उमा पाल का कहना है कि बच्चे अब उनसे घुलमिल गए हैं और वे पूरी लगन से पढ़ाई में जुट गए हैं। मुझे यहाँ पढ़ाने में बहुत आनंद आ रहा है। बच्चे उत्साहित हैं और हर दिन कुछ नया सीखने की जिज्ञासा दिखाते हैं। प्रधानपाठिका अंजली सोनकर गर्व से कहती हैं कि यह विद्यालय 1976 से संचालित है और अब यह अपने सुनहरे दौर की ओर लौट रहा है। दो शिक्षिकाओं के सहयोग से विद्यालय में न केवल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ी है बल्कि बच्चों की उपस्थिति और सीखने का स्तर भी बेहतर हुआ है। युक्तियुक्तकरण योजना ने प्राथमिक शाला बनबाँधा जैसे छोटे स्कूल को नई दिशा दी है कृ जहाँ पहले संसाधनों की कमी थी, अब वहाँ उत्साह, सहयोग और समर्पण का माहौल है। यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि सही योजना और समर्पित शिक्षकों के प्रयास से गाँव का हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकता है।

# कोरबा की सड़कों की दुर्दशा पर कल विशाल धरना, 24 से होगा नामकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की जर्जर सड़कों और गड्ढों से आमजन की परेशानियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गौमाता चौक, ईमलीछापर चौक, कटघोरा रोड सहित शहर के भीतर की कई प्रमुख

**खास बात**

- जनता उतरेगी सड़कों पर, प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ आंदोलन का ऐलान

सड़कों की बदहाली को लेकर नागरिकों का आक्रोश अब आंदोलन में बदलने जा रहा है। इसी कड़ी में 16 अक्टूबर को ट्रांसपोर्ट नगर चौक में विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

आंदोलनकर्ताओं का कहना है कि एक सप्ताह पूर्व जिला कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर सड़कों की मरम्मत की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नागरिकों ने आरोप लगाया कि



नूतन सिंह ठाकुर

जिला प्रशासन और नगर निगम सिर्फ कागजी दावे कर रहे हैं, जबकि शहर की सड़कों की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। धरना के बाद अब आंदोलनकारियों ने 24 अक्टूबर से गड्ढा नामकरण अभियान चलाने की घोषणा की है। इस अभियान के तहत शहरभर की जर्जर सड़कों और गड्ढों पर संबंधित विभागों और अधिकारियों को प्रतीकात्मक तौर पर जिम्मेदार ठहराया जाएगा। नागरिक गड्ढों पर पूजन कर उनका नामकरण करेंगे।

# सड़क चौड़ीकरण कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुड़ापार तिराहा से बाईपास रोड स्थित रेलवे कॉलोनी फर्नीचर दुकान तक सड़क चौड़ीकरण और पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य तेज़ी से शुरू हो गया है। लगभग 1.25 करोड़ रुपए की लागत से यह प्रोजेक्ट क्रियान्वित किया जा रहा है, जो पूर्व कार्यकाल में स्वीकृत हुआ था लेकिन बजट की कमी के कारण ठप पड़ा था। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि जहाँ लाल पेवर ब्लॉक लगाने की योजना थी, वहाँ सफेद ब्लॉक लगाए जा रहे हैं। साथ ही, समतलीकरण का कार्य भी मानकों के अनुसार नहीं किया जा रहा है। पूर्व पार्षद टीकम राठौर ने बताया कि गुणवत्ता में सुधार का आश्वासन देते हुए बताया कि उनकी पत्नी, जो वर्तमान में अमरैयापारा वार्ड की पार्षद हैं, उन्होंने भी इस कार्य पर आपत्ति दर्ज कराने की बात कही है। उनका आरोप है कि यह कार्य केवल लीपापोती है और जल्द ही इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।



## खबर संक्षेप




### दशहरा उत्सव और कार्तिक पूजा कार्यक्रम में शामिल हुईं जनपद अध्यक्ष

**कोरबा।** करतला जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोक विश्राम कंवर अपने जनपद क्षेत्र के जनता के आमंत्रण पर लगातार कई कार्यक्रमों में शामिल हो रही है। ग्राम सोहागपुर में आयोजित दशहरा उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। वहीं ग्राम पंचायत चोरभट्ठी में आयोजित कार्तिक पूजा कार्यक्रम में भी जनपद अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुई। जनपद अध्यक्ष श्रीमती अशोका विश्राम कंवर ने सोहागपुर की जनता को भव्य मड़ाई मेला एवं दशहरा उत्सव शांति सौहार्द पूर्वक मनाने पर सराहना की। वहीं ग्राम चोरभट्ठी के कार्तिक पूजा के दौरान ग्रामीणों को संबंधित करते हुए जनपद अध्यक्ष ने कहा कि पूर्वजों की मान्यताओं को जीवित रखना नए पीढ़ी के लोगों का कर्तव्य है ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को मार्गदर्शन मिलता है। उन्होंने ग्रामीणों को कार्तिक पूजन की बधाई देते हुए कार्तिक भगवान से आशीर्वाद प्राप्त कर शुभकामनाएं दी। ग्राम सोहागपुर के दशहरा उत्सव में सरपंच ग्राम पंचायत सोहागपुर विजय कंवर, पंचगण एवं अन्य लोग उपस्थित रहे वही चोरभट्ठी में जनपद सदस्य श्रीमती लक्ष्मीन बाई, श्रीमती नीता राकेश यादव, सरपंच, पंचगण सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

## निधन

### वीर सिंह कंवर



**कोरबा।** दीपका के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व पार्षद रामकुमार कंवर के पिताजी वीर सिंह कंवर का लंबी बीमारी के पश्चात दुःखद निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार ज्योति नगर दीपका स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य प्रदान करें।

### ग्राम पंचायत के बिना अनुमति पर प्रबंधन करा रहा नापी सर्वे का काम

# हरदीबाजार, रेंकी व सराई सिंगार में ड्रोन नापी सर्वे का जनप्रतिनिधि करेंगे विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



एसईसीएल दीपका कोयला खदान विस्तार के लिए ग्राम हरदीबाजार के परिसंपत्तियों व मकान नापी सर्वे करने एसईसीएल दीपका प्रबंधन जिला प्रशासन के सहयोग से हरदीबाजार में शासकीय भवनों व शासकीय जमीनों पर बने मकानों सहित स्वेच्छा पूर्वक नापी सर्वे करने वालो का नापी करना है जिस पर जिला प्रशासन की नज़र है। साथ ही साथ एसईसीएल दीपका प्रबंधन ने 12 अक्टूबर को अनुविभागीय अधिकारी पाली को पत्र जारी कर ग्रामपंचायत हरदीबाजार, रेंकी व सराईसिंगार का धारा (7) प्रकाशन उपरांत ड्रोन सर्वे की जानकारी दी है।

इस संबंध में हरदीबाजार सरपंच लोकेश्वर कंवर, रेंकी सरपंच तिजराम उर्रे व सराई सिंगार सरपंच सोनसाय भैना ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि इस तरह से एसईसीएल दीपका प्रबंधन मनमानी करते हुए ग्राम सरपंचों व ग्रामवासियों के सहमति बैगर ड्रोन सर्वे करता है। हम सभी पंचायत व ग्रामवासी इसका कड़ा विरोध करते हैं और बुधवार को पंचायत में बैठक कर इस संबंध में पत्र लिखकर इस पर आपत्ति दर्ज कराई जाएगी। फिर भी एसईसीएल नहीं मानता है और मनमानी पूर्ण रवैया अपनाता है तो सड़क से खदान तक की लड़ाई समस्त ग्रामवासियों के साथ मिलकर लड़ेंगे। एसईसीएल दीपका प्रबंधन को ग्राम पंचायतों का सम्मान करना तक नहीं आता, जबकि जिला 5वीं अनुसुचित क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत में पेशा एक्ट लागू है उसके अनुमति बिना एसईसीएल दीपका प्रबंधन मनमानी न करें। यदि उसके द्वारा जबरदस्ती की जाती है तो इस दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटती है तो उसकी संपूर्ण जवाबदारी एसईसीएल दीपका प्रबंधन की होगी।

## बिजनेस प्लस

### पुष्पक इलेक्ट्रॉनिक में ग्रैंड दीवाली सेल ऑफर




**कोरबा।** इलेक्ट्रॉनिक शोरूम पुष्पक इलेक्ट्रॉनिक्स में ग्रैंड दीवाली सेल में सभी कंपनियां और सभी प्रोडक्ट पर नवरात्रि से दीवाली तक ग्रैंड दिवाली सेल ऑफर दिया जा रहा है। जिसमें पुष्पक इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स के सारे सामान एवं फर्नीचर पर आफर दिया जा रहा है, जिसका लाभ कस्टमर उठा रहे हैं जिसमें जीएसटी और दीवाली ग्रैंड सेल दोनों का डिस्काउंट का फायदा कंस्यूमर को दिया जा रहा है इसके अलावा बजाज फाइनेंस के द्वारा जीरो डाउन पेमेंट पर कस्टमर को एलइडी, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एसी इत्यादि सभी प्रोडक्ट बिना किसी इंटरेस्ट के साथ 24 महीने की आसान किस्तों में उपलब्ध है 1 एमी रिफंड की स्कीम के साथ व 10500 का कैशबैक भी और एक्सचेंज ऑफर भी उपलब्ध है जिसमें जापान के एलईडी कंपनी एआईडब्ल्यूए की क्यूएलईडी टीवी के साथ 19500 का साउंड बार फ्री दिया जा रहा है। साथ ही उसमें एक्सचेंज ऑफर भी उपलब्ध है कस्टमर अपनी पुरानी टीवी को 5 हजार में एक्सचेंज कर का फायदा मिल रहा है जिसमें 32 इंच, 43 इंच, 55 इंच, 65 इंच 75 इंच सभी साइज में यह ऑफर उपलब्ध है। इसके अलावा बड़े साइज के साइड बाई साइड रेफ्रिजरेटर के साथ 7 हजार का ट्रॉली बैग फ्री दिया जा रहा है, डबल डोर रेफ्रिजरेटर के साथ मिक्सर ग्राइंडर व इंडक्शन फ्री, सिंगल डोर डोर रेफ्रिजरेटर के साथ लाइट वेट ऑटोमेटिक आयरन फ्री का फायदा दिया जा रहा है अगर कस्टमर एसी खरीदना चाहते हैं तो उन्हें जीएसटी का फायदा व दिवाली डिस्काउंट और साथ ही ट्रॉली बैग भी फ्री दिया जा रहा है। पुष्पक इलेक्ट्रॉनिक्स में एलइडी टीवी की विशाल रेंज उपलब्ध है जिसमें 32 इंच 6990, 43 इंच 11990, 55 इंच 26990, 65 इंच 39990 और 75 इंच 64990 में उपलब्ध है और साथ ही दिवाली का ऑफर और गिफ्ट भी दिया जा रहा है इसके अलावा वाशिंग मशीन, माइक्रो ओवन, डिशवॉशर में भी दिवाली ऑफर उपलब्ध है पुष्पक इलेक्ट्रॉनिक्स में होम थिएटर, पार्टी स्पीकर, साउंड बार की भी बड़ी रेंज उपलब्ध है जिसमें ग्रैंड दिवाली सेल का फायदा कस्टमर को मिल रहा है साथ ही पुराने होम थिएटर को भी एक्सचेंज किया जा रहा है। इसके अलावा होम अप्लायंसेज की पूरी रेंज ग्रैंड दिवाली सेल के फायदे के साथ उपलब्ध है जिसमें एयर फ्रायर, मिक्सर ग्राइंडर, जूसर, इंडक्शन, ट्रिमर, स्ट्रेटनर, किचन चिमनी, गैस बर्नर, रूम हीटर, वॉटर हिटर, गीजर इत्यादि की संपूर्ण श्रृंखला डिस्काउंट वाले रेट के साथ दिवाली ग्रैंड सेल गिफ्ट और ऑफर भी दिया जा रहा है तत्काल डिलीवरी और तुरंत इंस्टॉलेशन के लिए समय से पहले कस्टमर द्वारा परचेस करने पर सही समय पर इंस्टॉलेशन की सुविधा भी उपलब्ध है पुष्पक इलेक्ट्रॉनिक्स हर साल की तरह दिवाली 2025 में भी अपने ग्रैंड दिवाली सेल के अंतर्गत कस्टमर को सबसे ज्यादा ऑफरऔर सबसे कम दाम के द्वारा सबसे ज्यादा फायदा देने के लिए अपने कस्टमरों से वचनबद्ध है, आग्रह है कि ग्रैंड दीवाली सेल में शीघ्र अति शीघ्र अपने पसंदीदा प्रोडक्ट को खरीदकर इसका लाभ लें।

# एनकेएच के सेवा, समर्पण और विश्वास के 11 वर्ष पूर्ण, केक काटकर मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कभी-कभी जीवन में एक घटना इंसान को इतनी गहराई से प्रभावित कर देती है कि वह केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प ले लेता है। कठिन परिस्थितियों, सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद यदि इरादा नेक हो और लक्ष्य स्पष्ट हो तो सफलता निश्चित होती है। यही प्रेरक कहानी है डॉ. एस. चंदानी की, जिन्होंने वर्षों पहले कोरबा में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने के उद्देश्य से 13 अक्टूबर 2014 में न्यू कोरबा हॉस्पिटल की स्थापना की।

एन.के.एच. सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने समाज की सेवा में सफलतापूर्वक अपने 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन ने कोरबावासियों के विश्वास, सहयोग और स्नेह के प्रति आभार व्यक्त किया। हॉस्पिटल प्रबंधन ने कहा कि आने वाले वर्षों में भी एनकेएच आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ सेवाओं के साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ देने के अपने संकल्प पर दृढ़ रहेगा। पिछले एक दशक में एनकेएच ने न केवल अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों को अपनाया, बल्कि समाज की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लगातार विस्तार किया है। अस्पताल में आज सड़क दुर्घटनाओं और गंभीर परिस्तिथियों के लिए 24x7 ट्रामा एवं आपातकालीन सेवाएँ, अत्याधुनिक आई.सी.यू. एवं क्रिटिकल केयर यूनिट, हृदय व रक्तवाहिनी रोगियों के लिए कैथ लैब, तथा क्षेत्र का सबसे बड़ी विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुभवी टीम उपलब्ध है। प्रशिक्षित नर्सिंग व सहयोगी स्टाफ तथा मरीज की सुरक्षा और सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। कम खर्च में उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा प्रदान करते हुए एन.के.एच. ने यह साबित किया है कि सेवा भावना और आधुनिक तकनीक का संगम ही सच्चा उपचार है।

**हेल्थ प्लस**

अस्पताल का मानना है कि मरीजों की संतुष्टि ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। अस्पताल द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, निःशुल्क चिकित्सा शिविर, ग्रामीण व शहरी हेल्थ चेकअप कैंप और रक्तदान जैसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। अस्पताल का उद्देश्य है कि हर नागरिक को गरिमा, समानता और विश्वास के साथ गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिले। ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी ने कहा कि समाज के सहयोग और विश्वास के बिना यह 11 वर्षों की यात्रा संभव नहीं थी। उन्होंने सभी नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एन.के.एच. परिवार सदैव जनसेवा और गुणवत्तापूर्ण उपचार के लिए समर्पित रहेगा। 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर डॉक्टर एस. चंदानी, वंदना चंदानी और डॉक्टर एस. पालीवाल ने केक काटकर समारोह की शुरुआत की। इस अवसर पर डॉ. अविनाश सिंह, डॉ. अविनाश तिवारी, डॉ. एस.पी. पांडेय, डॉ. नीलेश भट्ट, डॉ. मनीष गोयल, डॉ. चंदा भट्ट, डॉ. नागेंद्र बागरी, डॉ. सुदिप्ता साहा, डॉ. संजना सक्सेना, डॉ. हरीश सोनी, डॉ. सचिन, डॉ. अमन, डॉ. यशा मित्तल, डॉ. रिया दुबे सहित अन्य डॉक्टर एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अस्पताल के प्रबंधन ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए यह भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी एन.के.एच. समाज को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।






## खबर संक्षेप



### त्रिलोकी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**कटघोरा।** त्रिलोकी पब्लिक स्कूल कटघोरा ब्लॉक बी के विद्यार्थियों को विभिन्न स्थानों पर शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर कक्षा 1 से 4 तक के बच्चों को आरओ प्लांट ढेलवाडीह, कक्षा 5 से 8वीं तक के विद्यार्थियों को मत्स्य पालन केंद्र रंजना, तथा कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को कोल्ड स्टोरेज जेंजरा का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने संबंधित स्थलों के कार्यप्रणाली, उपयोगिता और महत्व से जुड़ी जानकारियाँ प्राप्त की। यह शैक्षणिक यात्रा विद्यालय की प्राचार्या डॉ. मोना ठाकुर के निर्देशन एवं शिक्षकों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटघोरा को सौंपा गया ज्ञापन



**कोरबा।** प्रांतीय पदाधिकारी भवदीप दुबे, रामचरण साहू एवं जिला अध्यक्ष वेदव्रत शर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड कटघोरा अध्यक्ष शमीम खान के नेतृत्व में शालेय शिक्षक संघ कटघोरा इकाई ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटघोरा अभिमन्यु टेकाम को विकासखंड अंतर्गत शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा जिस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा त्वरित निराकरण हेतु सहमति प्रदान की गई है। ज्ञापन हेतु शालेय शिक्षक संघ के जिला सचिव घनश्याम प्रसाद रस्तोगी, जिला महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती ईश्वरी तिवारी, ब्लाक उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल, सचिव गोपाल पोर्ते, संगठन सचिव दीपक गौरहा, गजेन्द्र सुमन, श्रीमती पुष्पा कंवर एवं अन्य शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

### एसईसीएल कॉलोनी की मुख्य सड़क की पुलिया हुई जर्जर

**बांकीमोंगरा।** बांकीमोंगरा स्थित माता सिद्धिदात्री चौक से सोमवारी बाज़ार तक कॉलोनी का मुख्य मार्ग बदहाल अवस्था में है। पुलियों की स्थिति तो और भी ज्यादा दयनीय हो चुकी है। इस मार्ग की पुलियों की स्लैब ढह चुकी है जिससे आये दिन यहाँ दुर्घटनायें होती रहती है, टू व्हिलर वाले इन पुलियों में घुसने से कई नागरिक के हाथ पैर टूट चुके हैं। एसईसीएल के अधिकारी इन दुर्घटनाओं से आँखें मुंदे बैठे हैं यहाँ बड़ी दुर्घटनाओ का बाट जोह रहे हैं। साथ ही बांकी नगर पालिका भी आँखे मुंदे बैठी है। जिनका खामियाजा नागरिक को उठाना पड़ रहा है। बांकी कॉलोनी, शांति नगर, डबल स्टोरी, जंगल साइड, बनवारी साइड, तेलसरा, पौंसरा के लोग प्रतिदिन आना जाना करते हैं बांकीमोंगरा की सबसे व्यस्ततम मार्ग के कारण दिनभर गाड़ियों की लगातार आवाज़ाही होती रहती है। सोमवार के दिन सोमवारी बाज़ार लगता है इस दिन इस मार्ग पर अधिक दबाव बना रहा है।

### बीच बचाव करने गए बुजुर्ग की पिटाई, अस्पताल में तोड़ा दम

**अम्बिकापुर।** करमा नाचने गए ग्रामीण को विवाद सुलझाना महंगा पड़ गया। बीच बचाव करने से नाराज युवक ने बुजुर्ग की बेदम पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अब मर्ग जांच उपरान्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। धौरपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लुंड्रा के ग्राम बकीला निवासी 62 वर्षीय नंदलाल दास आ. लोहरा दास 15 सितम्बर को ग्राम सखौली में रिश्तेदार मोहर साय के यहां करमा नाचने गया हुआ था। 16 सितम्बर की सुबह मोहर साय का पड़ोसी तिलक दास व उसका साला राकुमार पनिका उर्फ सोनू दास आपस में लड़ाई कर रहे थे।

## 15 स्थानों में गोदाम बनाने की मिली मंजूरी

# जब धान खरीदी का समय आया तब गोदाम बनाने की याद आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी के दौरान हमेशा गोदाम की समस्या सामने आती है। भंडारण को लेकर समितियों में जगह नहीं होने के कारण अधिकांश धान के बोरे बाहर ही रहते हैं

**खास बात**

- सहकारिता विभाग ने पहले से भेजा था प्रस्ताव

साथ ही खाद बीज का भंडारण के अलावा पीडीएस की खाद्य सामग्री का भंडारण भी समितियों के भवन में किये जाने से जगह की समस्या खड़ी हो जाती है।

जिले में इस वक्त 60 सहकारी समिति बनाई गई है। जिसमें से 19 नई सहकारी समितियां है। अधिकांश समितियों में गोदाम का निर्माण नहीं होने से भंडारण की समस्या धान खरीदी की समस्या खड़ी हो जाती है। सहकारिता विभाग के द्वारा समितियों में भंडारण की समस्या के मद्देनजर गोदाम निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजा था। किंतु स्वीकृति नहीं मिलने की वजह से गोदाम स्वीकृति की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। जबकि प्रस्ताव को दिये हुए एक वर्ष का समय बीत चुका है और अब जाकर 15 समितियों में गोदाम निर्माण की स्वीकृति मिली है वह भी नई समितियां है। पूर्व में समितियों में 25 मिट्रिक टन क्षमता वाले 22 गोदामों का निर्माण पहले किया जा चुका है लेकिन किसानों की बढ़ती संख्या और खरीदी में आवक बढ़ने की वजह से इनमें भी भंडारण की समस्या खड़ी हो रही है। डीएमएफ से कुल 15 समितियों में गोदाम बनाने की स्वीकृति मिली है जिसके लिए डीएमएफ से राशि जारी की गई है लेकिन कब निर्माण का टेंडर शुरु होगा और कब गोदाम बनकर तैयार होंगे यह अभी भी असमंजस की स्थिति में है।



फाइल फोटो

### सभी समितियों में चबुतरों का हुआ निर्माण



सभी समितियों में चबुतरों का निर्माण किया जा चुका है। ताकि बेमौसम बारिश के दौरान जमीन में नमी आने से धान को खराब होने से बचाया जा सके। समितियों में चबुतरे का निर्माण अलग अलग मद से किया गया है। इनमें ग्राम पंचायत का मद डीएमएफ, 15वें वित्त का मद शामिल है जिनसे सभी समितियों में चबुतरों का निर्माण का काम पूरा किया गया है। इसके अलावा चबुतरों की संख्या बढ़ाने के लिए सहकारिता विभाग ने समितियों के मांग पर प्रस्ताव तैयार किया है। उसके लिए भी राशि मांगी गई है।

### वनांचल क्षेत्रों में है सुरक्षा की समस्या

वनांचल क्षेत्रों में चलने वाली सहकारी समितियों में सुरक्षा की समस्या भी रहती है। भंडारण के लिए गोदाम नहीं होने के कारण समिति के कार्यालय के कमरों में ही खाद सामग्री एवं पीडीएस के समाग्रियों को रखना पड़ता है। नई समितियों को लिए जो स्वीकृति मिली है उनमें वनांचल क्षेत्र की समितियों को शामिल किया गया है। इससे नई समितियों में अब भंडारण की समस्या को लेकर किसी तरह की समस्या नहीं रहेगी। बाहर धान रखे होने की सुरक्षा समितियों के द्वारा नियुक्त चौकीदार के भरोसे रहती है।

# पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह बने लखीसराय के पर्यवेक्षक


पूर्व राजस्व मंत्री को बधाई देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को एआईसीसी ने बिहार में अगले माह होने वाले विधानसभा चुनाव में बिहार राज्य के लखीसराय जिले का पर्यवेक्षक बनाया है। जिसके तहत पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल सोमवार को लखीसराय पहुचकर कांग्रेस जिला मुख्यालय के दफ्तर में कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ बैठक लेकर अगले माह होने वाले चुनाव के लिए तैयारियों का जायजा लिया और बेहतर परिणाम के लिए रणनीति पर काम करने आव्हान किया। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि इंडिया महागठबंधन एकजुट है, बिहार चुनाव के महागठबंधन में कांग्रेस अपने कोटे की सभी उम्मीदवार को विधानसभा के साथ-साथ राजद के सभी उम्मीदवारों के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ेंगे और महागठबंधन की सरकार बनाएंगे। पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि हमें कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में प्रतिबद्ध लोगों को आगे लाना होगा। ऐसे लोग जो विपरीत परिस्थिति में भी चट्टान की तरह कांग्रेस पार्टी के साथ खड़े रहे हैं। बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोटर अधिकार यात्रा को सर्वाधिक जनसमर्थन मिला है। वर्तमान माहौल को देखने से लग रहा है कि बिहार की जनता महागठबंधन को स्पष्ट एवं मजबूत जनादेश देंगी। बिहार में कांग्रेस पार्टी अच्छा प्रर्दशन करेगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नफरत फैलाने वाले तत्वों का निडर होकर सामना करना होगा। कांग्रेस पार्टी एवं कांग्रेसजन हमेशा से सविंधान तथा देश की जनता के कल्याण की परवाह करते आ रही है। बैठक में कोरबा नगर पालिक निगम के पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं बिहार राज्य के लखीसराय जिले के कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

## पति सहित ससुरालियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत कृष्णा विहार मकान क्रमांक 1242 निवासी निधि कौशिक पति विमल कौशिक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वर्ष 2023 में सामाजिक रीति रिवाज से तिफरा बिलासपुर निवासी विमल कौशिक पिता शिव कुमार कौशिक के साथ विवाह संपन्न हुआ था। विवाह के पश्चात वर्ष 2024 से विमल कौशिक एवं उनके माता पिता रिस्तेदार निधि कौशिक से जमीन खरीदने के लिए 10 लाख रूपये मायके से लाने के नाम पर लगातार शारीरिक मानसिक रूप से प्रताडित कर रहे हैं। जिस संबंध में महिला सहायता एवं परिवार परामर्श केन्द्र में उनका काउंसलिंग भी हुआ किंतु दोनों पक्षों में सुलह नहीं हो पाया। जिसके पश्चात निधि कौशिक के पति एवं परिजनों के द्वारा बोदरी बिलासपुर के गोल्ड पार्क कालोनी के प्लाट को बुक कर लिए थे जिसका मुल्य 26 लाख 50 हजार रुपए था जिसे खरीदने के लिए निधि से पुनः 10 लाख रुपए लाने की मांग करने लगे और रकम नहीं देने पर विमल कौशिक एवं उसके परिजनों के द्वारा निधि से गाली गलौच एवं मारपीट कर दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। निधि की रिपोर्ट पर पुलिस ने विमल कौशिक एवं उसके परिजनों के विरुद्ध धारा 85, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## ठंड ने दी दस्तक, अभी भी बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानसून की वापसी शुरू हो चुकी है। राजधानी सहित जिले के कई हिस्सों में हल्की ठंडक महसूस की जा रही है, जबकि बस्तर और दक्षिण जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, उत्तर और मध्य हिस्सों से मानसून की वापसी आधिकारिक रूप से शुरू हो चुकी है

भारतीय मौसम विभाग ने बताया है कि मानसून की वापसी रेखा अब 14 अंश उत्तर और 72 अंश पूर्व से होकर गुजर रही है, जो कोंडागांव, कांकेर, सागर द्वीप और गुवाहाटी जैसे इलाकों को प्रभावित करती है। इस रेखा के उत्तर और पश्चिम के हिस्सों में मानसून की सक्रियता अब समाप्त हो चुकी है। ऐसे में राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में नमी में गिरावट दर्ज की गई है, और वातावरण शुष्क होने लगा है। कुछ जगहों में अभी भी गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है, जो अगले 2 से 5 दिनों तक जारी रह सकती है। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों के लिए वज्रपात की चेतावनी भी जारी की है, जिससे ग्रामीण इलाकों में सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार सितंबर के अंत तक हुई वर्षा को ही मानसून की श्रेणी में गिना जाता है, जबकि उसके बाद की बारिश को पोस्ट-मानसून या बाद की वर्षा माना जाता है। मौसम विभाग और कृषि विशेषज्ञों की मानें तो इस बार ठंड कुछ पहले शुरू हो सकती है, जिससे रबी फसलों को फायदा होगा।


फाइल फोटो

## जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुष विभाग द्वारा जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रविवार को कांशी नगर में किया गया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति द्वारा 403 एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति द्वारा 104 मरीजों का सफल उपचार किया गया। यह आयुष स्वास्थ्य शिविर छ.ग. राज्य महोत्सव के तत्वाधान में वयोवृद्ध मरीजों का विशेष उपचार हेतु आयोजित किया गया। जिसमें वात रोग, चर्म रोग, गुदा एवं मल द्वार रोग मूत्र रोग, एनीमिया, आस्टियो आर्थोराइटिस एवं मस्कूलोस्केलेटल डिसआर्डर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मासिक धर्म में अनियमितता, श्वेत प्रदह, चर्मरोग के मरीजों का सफल उपचार किया गया। सुभाष कुमार (भोलू राठौर) पार्षद वार्ड क्र. 22, पूर्व पार्षद, वार्ड क्र. 20 मनहरण राठौर एवं पूर्व पार्षद श्रीमती गौरी राठौर वार्ड क्र. 15 की गरिमामय उपस्थिति में शिविर समपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में डॉ. उदय शर्मा जिला आयुष अधिकारी, डॉ. पवन कुमार मिश्रा कार्यक्रम नोडल अधिकारी, डॉ. दिवाकर त्रिपाठी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सपना मिश्रा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं छ.ग. आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शाखा कोरबा के अध्यक्ष, डॉ. खुशाल पोरवाल होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, डॉ. अमित कुमार जाटवर होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी, डॉ. कुमुदनी माला डहरिया आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. नेहा घृतलहरे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. राहुल जायसवाल आयुष चिकित्सक, डॉ. रितु सिंह आयुष चिकित्सक, डॉ. शरद चन्द्र आयुष चिकित्सक, सखाराम पैकरा फार्मासिस्ट आयुर्वेद, खिलावन सिंह पैकरा आदि उपस्थित थे।

## आयुष विभाग की 25 वर्षों की स्वर्णिम यात्रा जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में गढ़ी नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर, रजत महोत्सव 2025 की धूम पूरे प्रदेश में देखने को मिल रही है। यह सिर्फ राज्य की राजनीतिक या प्रशासनिक उपलब्धियों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह उन सभी क्षेत्रों का उत्सव है, जिन्होंने छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में मजबूत बनाया है। इस गौरवशाली यात्रा में आयुष विभाग ने भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

वर्ष 2000 में जिले में आयुष स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अत्यंत सीमित थी। उस समय केवल 27 स्वास्थ्य केंद्र संचालित थे और किसी भी केंद्र में बेड की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। डॉक्टरों और फार्मासिस्टों की संख्या भी बहुत कम थी डॉक्टर केवल 27 और फार्मासिस्ट 27 थे। आज, 25 वर्षों के अथक प्रयासों और योजनाओं के परिणामस्वरूप, कोरबा जिले में आयुष स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या बढ़कर 69 पहुँच चुकी है। प्रत्येक संस्था में अब औसतन 10 बेड की सुविधा उपलब्ध है। डॉक्टरों की संख्या 82 हो गई है, जबकि फार्मासिस्टों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। आयुष विभाग ने अपनी परंपरागत पहचान बनाए रखते हुए आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं। आयुष विभाग की प्राथमिकता केवल संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं रही। गुणवत्ता और मानक सुनिश्चित करना भी इसी यात्रा का हिस्सा रहा है। वहीं वर्ष 2024–25 में डीएमएफ के सहयोग से शासकीय आयुष पॉलीक्लीनिक कोरबा में इनडोर पेशेंट डिपार्टमेंट शुरू किया गया। इसके साथ ही आवश्यक उपकरण और मानव संसाधन भी उपलब्ध कराए गए। ये उपलब्धियाँ दर्शाती हैं कि आयुष विभाग केवल परंपरा को संरक्षित नहीं कर रहा, बल्कि इसे आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ आम लोगों तक पहुँचा रहा है।

जिले में आयुष विभाग ने सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता अभियान, और स्थानीय औषधियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित आयुष ग्राम हेल्थ कैंप ने स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य जांच, पोषण संबंधी जानकारी और पारंपरिक उपचार पद्धतियों से जोड़ने का कार्य किया। जिले के स्कूलों में योग और आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम भी नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। यह सामुदायिक सहभागिता विभाग के कामकाज को प्रभावी बनाती है और सुनिश्चित करती है कि स्वास्थ्य सेवाएँ केवल केंद्रों तक सीमित न रहें, बल्कि हर घर और हर व्यक्ति तक पहुँचे।

### ग्रामीण के घर से 3 नग बकरा की चोरी

**कोरबा।** कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरबी निवासी अशोक कुमार प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 8 अक्टूबर की सुबह 5:30 बजे अशोक की मां ने फोनकर बताई की घर में बंधे 3 नग बकरा कीमती 30 हजार रुपए को कोई अज्ञात व्यक्ति घर के दरवाजे की कुंडी उखाड़कर चोरी कर ले गया है। अशोक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान

कटे होंठ व तालु का निःशुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल: 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### 12 अक्टूबर तक चले इस अभियान में बालको ने कुल 15 लाख 93 हजार 142 किलोमीटर की दूरी तय की

# बालको ने रन फॉर जीरो हंगर में चौथी बार दिया सबसे अधिक पोषणयुक्त मील का योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट टीम भावना और सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए वीडीएचएम रन फॉर जीरो हंगर चैलेंज का खिताब जीत लिया। इस वर्ष बालको ने लगातार चौथी बार यह ट्रॉफी अपने नाम की, जिससे समूह के भीतर बालको की फिटनेस, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति समर्पण की भावना पुनः प्रदर्शित हुई।

12 अक्टूबर तक चले इस अभियान में बालको ने कुल 15 लाख 93 हजार 142 किलोमीटर की दूरी तय की। वेदांता समूह की सभी व्यावसायिक इकाइयों में बालको इस वर्ष भी शीर्ष स्थान पर रहा। दिल्ली में आयोजित भव्य समापन समारोह में बालको को ट्रॉफी प्रदान की गई। वेदांता समूह के रन फॉर जीरो हंगर अभियान का उद्देश्य है कर्मचारियों द्वारा तय किए गए प्रत्येक किलोमीटर के बदले जरूरतमंद बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना। इस वर्ष वेदांता समूह ने तय 5 मिलियन किलोमीटर के लक्ष्य को हासिल किया। लगभग दो महीनों तक चले इस अभियान में बालको के कर्मचारियों, उनके परिवारजनों, व्यावसायिक साझेदारों और समुदाय के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अभियान ने न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित किया, बल्कि सामूहिक प्रयास और समाजसेवा की भावना को भी सशक्त किया। प्राप्त ट्रॉफी को बालको परिवार की मेहनत का परिणाम बताते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि लगातार चौथी बार वीडीएचएम चैलेंज में विजेता बनना हमारे बालको परिवार की प्रतिबद्धता और एकजुटता का प्रमाण है। इस वर्ष 1.5 मिलियन से अधिक किलोमीटर की दूरी करना समुदाय की भलाई के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। फिटनेस के साथ समाजसेवा को जोड़ने का यह प्रयास हमारे स्वास्थ्य प्रथम दृष्टिकोण को और मजबूती प्रदान करता है। समूह के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल के समाज को वापस देने की भावना के अनुरूप, जुटाए गए भोजन को भारत के 14 राज्यों में संचालित लगभग 6 हजार 500 नंद घरों के बच्चों तक पहुँचाया जाएगा। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा संचालित यह पहल बाल विकास, पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास है। बालको का यह चौथा निरंतर विजय वर्ष न केवल खेल भावना की जीत है, बल्कि एक स्वस्थ और कुपोषण-मुक्त भारत के निर्माण की दिशा में कंपनी की सतत प्रतिबद्धता का प्रतीक है।



online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411